3108 34/2012

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

W 413180

19 JAN

1

वार्ड - मैथलीशरण गुप्त

स्टाम्प - 1000/-

ट्रस्ट विलेख

यह विलेख आज दिनांक 23 जनवरी 2012 को लखनऊ में अंगद कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री जगन्नाथ बख्श सिंह निवासी-20/177, इन्दिरा नगर, लखनऊ एवं उनके उत्तराधिकारियों, वंशजों एवं उनके द्वारा नामित व्यक्तियों के द्वारा किया गया जिन्हें आगे पक्षकार कहा गया है।

Chief Trustee
Jagannath Bux Singh (JBS) Memorial Trust
20/177, Indira Nagar, Lucknow

यह कि पक्षकार एक पब्लिक चैरिटेबिल ट्रस्ट बनाने का इच्छुक है जो जन सामान्य के हितों के लिये समान्यतः कार्य करेगा।

पक्षकार ने ट्रस्ट बनाने के उद्देश्य से रू0 11,000/- (कॉरपस फंड के रूप में) अलग से रख दिया है।

पक्षकार/पक्षकारों एवं गवाहों की मौजूदगी में निम्नलिखित विलेख लिख दिया ताकि सनद रहे-

1. यह कि पक्षकार भी प्रथम ट्रस्टियों में से एक ट्रस्टी के रूप में कार्य करेगा।
2. यह कि ट्रस्ट का नाम "जगन्नाथ बख्श सिंह (जे0बी0एस0) मेमोरियल ट्रस्ट" होगा जो किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किया जायेगा।
3. यह कि ट्रस्ट का कार्यालय 20/177, इन्दिरा नगर, ज़िला लखनऊ (उ0प्र0) तथा ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत वर्ष होगा।
4. यह कि निम्नलिखित व्यक्ति ही उपरोक्त ट्रस्ट के प्रथम ट्रस्टी के रूप में कार्य कर सकेंगे-

I. अंगद कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्री जगन्नाथ बख्श सिंह
मुख्य ट्रस्टी, निवासी-20/177, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

II. श्रीमती पूनम सिंह पत्नी श्री अंगद कुमार सिंह
उप मुख्य ट्रस्टी, निवासिनी-20/177, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

III- आकाश सिंह पुत्र श्री अंगद कुमार सिंह
ट्रस्टी, निवासी-20/177, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

IV. उदय भान सिंह पुत्र श्री तेज बहादुर सिंह
ट्रस्टी, निवासी-बृज इन्क्लेव सुन्दरपुर वाराणसी।

V. रंगनाथ सिंह पुत्र स्व0 श्री जगन्नाथ बख्श सिंह
ट्रस्टी, निवासी-ग्राम-कुसफर, दरियाबाद, बाराबंकी।

Chief Trustee
Jagannath Bux Singh (JBS) Memorial Trust
20/177, Indira Nagar, Lucknow

जिसमें अंगद कुमार सिंह, पक्षकार मैनेजिंग ट्रस्टी होंगे।

5. यह कि पक्षकार ने कुल रूपया 11,000/- उपरोक्त चैरिटेबिल ट्रस्ट के पक्ष में इस विलेख के लिखे जाने पर उसके ट्रस्टी को ट्रस्ट के प्रारम्भिक कॉरपस कोश के रूप में दे दिया है जिसे आगे ''ट्रस्ट फण्ड'' के नाम से जाना जायेगा।

6. यह कि सभी ट्रस्टी सदैव इस ट्रस्ट फण्ड को और जो समय-समय पर दान दाताओं द्वारा दिया जायेगा और उपरोक्त बिन्दु 5 में वर्णित है, को उन सभी कार्यो में विनियोजित कर सकते हैं जिनसे ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

7. यह बात मुख्य रूप से उल्लिखित है कि ट्रस्ट फण्ड का विनियोजन ट्रस्टियों द्वारा सदैव ट्रस्ट के नाम से ही किया जायेगा।

8. यह कि ट्रस्ट द्वारा प्राप्त आय जो ट्रस्ट फण्ड से प्राप्त होगी अथवा सभी प्राप्त सहयोग राशियों (जो मुख्य रूप से ट्रस्ट फण्ड के रूप में न भी हों) को निम्नलिखित कल्याणकारी उद्देश्यों हेतु ग़रीब एवं निर्धन जन-सामान्य के हित में प्रयुक्त की जायेगी जिसमें किसी धर्म, जाति, वंश, समाज, वर्ग का कोई विभेदन नहीं होगा। ट्रस्टी अथवा ट्रस्टियों में से किसी और को पूर्ण निपेक्षता रखनी होगी और ऐसा कोई अधिकार कदापि नहीं होगा कि वह किसी धर्म, जाति, वंश, समाज, वर्ग विशेष पर ट्रस्ट का कल्याणकारी फण्ड व्यय कर सके।

ट्रस्ट के उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

i) ट्रस्ट राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की संरक्षता एवं स्कूलों, कालेजों, मेडिकल शिक्षण संस्थान, टेक्निकल शिक्षण संस्थान, लाइब्रेरियों, रीडिंग रूम, विश्वविद्यालयों, प्रयोगशालाओं शोध केन्द्रों को स्थापित करने, चलाने, मदद, अनुदान व वित्तीय सहायता

Chief Trustee
Jagannath Bux Singh (JBS) Memorial Trust
20/177, Indira Nagar, Lucknow